भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2466

गुरुवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन,1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

प्रयागराज विमानपत्तन की स्थिति

2466. श्री प्रवीण पटेल:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की प्रयागराज विमानपत्तन को अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन का दर्जा देने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) महाकुंभ के दौरान उक्त विमानपत्तन पर विभिन्न देशों से कितने विमान उतरे और कितनी विमानों ने उड़ान भरी;

(ग) घरेलू विमानों के माध्यम से प्रयागराज विमानपत्तन पर कितने तीर्थयात्री आए; और

(घ) क्या सरकार की प्रयागराज विमानपत्तन को सीधे घरेलू विमानों के माध्यम से और अधिक शहरों से जोड़ने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)</u>

(क): प्रयागराज हवाईअड्डा घरेलू हवाईअड्डा है। किसी हवाईअड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के रूप में घोषित करना यातायात की संभावना, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के परिचालन के लिए एयरलाइनों की मांग और द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते के अलावा ग्राउंड लाइटिंग सुविधाओं, उपकरण लैंडिंग प्रणाली, रनवे की लंबाई, आप्रवासन, स्वास्थ्य और पशु एवं पौधों के लिए संगरोध सेवाओं आदि के प्रावधान पर निर्भर करता है। वर्तमान में, प्रयागराज हवाईअड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव नागर विमानन मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

(ख): महाकुंभ के दौरान प्रयागराज हवाईअड्डे से परिचालित विभिन्न देशों की उड़ानों की संख्या अनुलग्नक-क में दी गई है।

(ग): महाकुंभ (13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025) के दौरान प्रयागराज हवाईअड्डे पर अनुसूचित एयरलाइनों द्वारा 5.43 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की गई।

(घ): प्रयागराज हवाईअड्डे से वर्तमान उड़ान संपर्क अनुलग्नक-ख में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, मार्च, 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ, भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को विनियमन मुक्त कर दिया गया है। इसलिए, इस संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुपालन के अध्यधीन यातायात की मांग और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विशिष्ट स्थानों पर हवाई सेवाएं प्रदान करना एयरलाइनों का सरोकार है। एयरलाइनें बाजार की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता और अपनी कंपनी नीति के आधार पर विशिष्ट मार्ग/ शहर के लिए अपनी घरेलू उड़ानों की योजना बनाती हैं, जिस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है।

<u>अनुलग्नक-क</u>

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज हवाईअड्डे से परिचालित विभिन्न देशों की उड़ानों की संख्या निम्नानुसार है:

आगमन विमान आवाजाही (लैंडिंग)	**प्रस्थान विमान आवाजाही (टेक ऑफ)**	**सैक्टर, देश**
1	2	पारो, भूटान
2	1	दुबई, यूएई
1	0	रोम, इटली
1	1	बैंकॉक, थायलैंड

<u>अनुलग्नक-ख</u>

प्रयागराज हवाईअड्डे का वर्तमान उड़ान संपर्क निम्नानुसार है:

प्रचालनरत एयरलाइनें	**जोड़े गए हवाईअड्डे**	**साप्ताहिक अनुसूचित विमान आवाजाही (आगमन + प्रस्थान)**
इंडिगो, एलाइंस एअर, अकासा	भुवनेश्वर, बैंगलोर, मुंबई, दिल्ली, शमशाबाद, रायपुर, बिलासपुर	88

*****